# रायगढ़ पुलिस ने किया अवैध हथियारों के अंतर्राज्यीय गिरोह का पर्दाफाश, अवैध हथियारों का सप्लायर सहित सिंडिकेट का सरगना गिरफ्तार

## आरोपियों से दो पिस्टल व पांप राउंड जब्त, की गई आर्म्स एक्ट की कार्यवाही





**रायगढ़।** 16 दिसंबर की शाम जूटमिल पुलिस द्वारा मुखबिर सूचना पर ट्रांसपोर्टनगर बस स्टैंड के पास एक संदिग्ध युवक को पिस्टल बंदूक के साथ पकड़ा गया था। आरोपी युवक नरेश उर्फ नानू यादव पिता नान्हे लाल यादव उम्र 26 साल साकिन धांगरडीपा थाना कोतवाली रायगढ़ के कब्जे से एक 7.65 एमएम सिल्वर रंग देसी पिस्टल, एक खाली मैगजीन, एक सैमसंग कंपनी का मोबाइल जप्त कर आरोपी पर धारा 25 आर्म्स एक्ट के तहत पुलिस चौकी जूटमिल में कार्यवाही कर आरोपी को जुडिशियल रिमांड पर भेजा गया था। बीते सप्ताह बिलासपुर जिले में हुई गंभीर वारदात के बाद एसपी अभिषेक मीणा द्वारा आरोपी से जप्त हथियार के संबंध में अवैध हथियार बेचने वाले सिंडिकेट, उनके सप्लाई चैन, पूरे संगठन का पता लगाने के निर्देश एडिशनल एसपी संजय महादेवा, सीएसपी अभिनव उपाध्याय एवं साइबर सेल की टीम को दिया गया। सायइबर सेल प्रभारी उप निरीक्षक कमल किशोर पटेल वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन पर पिस्टल के साथ पकड़े गये आरोपी नरेश उर्फ नानू यादव से विस्तृत पूछताछ किया गया। आरोपी नरेश उर्फ नानू यादव ने रायगढ़ निवासी यूसुफ हुसैन, चांदनी चौक बाबूपारा के पास से 1 पिस्टल और 3 राउंड को 8-9 माह पहले 50,000 रुपए में खरीदना बताया।

साइबर सेल की टीम आरोपी यूसुफ हुसैन की धरपकड़ के क्रम में चांदनी चौक बाबूपारा के युसूफ हुसैन के घर रेड किये आरोपी गिरफ्तारी के भय फरार था। साइबर सेल प्रभारी आरोपी युसूफ हुसैन की पतासाजी, गिरफ्तारी के लिये अपने मुखबिर एवं स्टाफ लगाकर रखे थे कि कल दिनांक 21.12.2020 के शाम मुखबिर द्वारा आरोपी युसूफ हुसैन और उसके साथ एक व्यक्ति को रेल्वे स्टेशन के पास देखना बताया, तत्काल साइबर सेल और जूटमिल की टीम आरोपी और उसके साथी को घेराबंदी कर पकड़ा गया। आरोपी युसूफ हुसैन अपने साथ पकड़ा गये युवक का हथियारों का मुख्य सप्लायर एजाज उर्फ राजू निवासी पलामू झारखंड का रहने वाला बताये तथा दोनों पकड़े जाने के डर से रायगढ़ से कोलकात्ता और कोलकात्ता से बंग्लादेश की ओर फरार होने की योजना से रेल्वे स्टेशन पर आना बताये। आरोपी की तलाशी लेने पर आरोपी युसूफ के पास 1 पिस्टल और 2 राउंड तथा आरोपी एजाज अंसारी के पास 1 पिस्टल और 3 राउंड मिला। दोनों को हिरासत में लेकर चौकी लाया गया जिनसे विस्तृत पूछताछ में अवैध हथियारों की खरीदी-बिक्री का खुलासा हुआ।

आरोपी युसूफ हुसैन निवासी चांदनी चौक बाबूपारा रायगढ़ बताया कि पूर्व में ट्रैवलिंग एजेंसी में ड्रायवरी का काम करता था। आज से करीब डेढ़-दो वर्ष पहले ड्राइवरों के माध्यम से पलामू, झारखंड में रहने वाले एजाज अंसारी उर्फ राजू भाई के साथ जान पहचान हुआ। एजाज अंसारी उर्फ राजू से व्हाट्सएप कॉल के जरिए बातचीत होता था। आरोपी यूसुफ हुसैन बताया कि उसे जल्द रूपये कमाने थे इसलिए उसने एजाज अंसारी उर्फ राजू को बोला था कि तुम्हारे तरफ पिस्टल कट्टा आसानी से मिल जाता है जुगाड़ करो। तब एजाज पिस्टल, राउंड बेचने में राजी हो गया और हथियार बेचने अलग-अलग जगह बुलाता था। करीब 1 साल पहले एजाज अंसारी से पहली बार पिस्टल खरीदने डाल्टेनगंज गया जहां 1 पिस्टल, 3 राउंड रु.50,000 में खरीदकर रायगढ़ लाया जिसे रायगढ़ के नरेश उर्फ नानू यादव को बेच दिया था।

उसके बाद इसी साल अक्टूबर 2022 में दोबारा डाल्टनगंज जाकर एजाज अंसारी से 1 पिस्टल और 16 राउंड खरीद कर लाया और अपने पास रखा था। पिस्टल के लिए ग्राहक नहीं मिल रहा था, इसी बीच प्रेम श्रीवास, बिलासपुर का रहने वाला जिससे दोस्त के जरिए परिचय हुआ था, राउंड खरीदने के बारे में इंटरेस्ट दिखाया जिसे 14 राउंड को प्रति राउंड रु.500-रु.500 रूपये में सौदा तय कर बेचा था। नवंबर महीने में एक दिन प्रेम श्रीवास फोन कर बिलासपुर बुलाया, बिलासपुर जाने के बाद प्रेम प्रेम श्रीवास ने कपिल त्रिपाठी से मिलवाया था। कपिल त्रिपाठी अपना घर परिवार का झगड़ा बताकर उसके भाई संजु त्रिपाठी का फोटो दिखाकर उसकी हत्या के लिए 8-10 लाख दूंगा बोला।

तब उसे सोच कर बताऊंगा कहकर वापस रायगढ़ आ गया। उसके कुछ दिन बाद प्रेम श्रीवास वापस फोन किया और कहने लगा कि 2 सामान (पिस्टल और राउंड) की बेहद जरूरत है दिलवा दो। उसके कहने पर वापस एजाज अंसारी उर्फ राजू से संपर्क किया, 2 दिसंबर को एजाज सामान लेकर अम्बिकापुर बस स्टैंड के पास मिलूंगा बोला। तब प्रेम श्रीवास अपने एक साथी के साथ कार में रायगढ़ आया, रायगढ़ में उसके साथ अंबिकापुर गए। अंबिकापुर बस स्टैंड के पास एजाज अंसारी पहले से खड़ा था। एजाज अंसारी 2 नग पिस्टल और 10 राउंड प्रेम श्रीवास को रु.1,40,000 में बेच दिया। वहां से प्रेम श्रीवास और उसका साथी कार में बिलासपुर चले गए और रायगढ़ वाली बस में बैठकर रायगढ़ आ गया, एजाज अंसारी भी झारखंड चला गया।

दोनों आरोपियों को पुलिस चौकी जूटमिल के आर्म्स एक्ट के आरोपी नरेश उर्फ नानू यादव से संबधित मामले में गिरफ्तार कर बिलासपुर पुलिस के साथ समस्त जानकारी साझा किया गया है। एसपी अभिषेक मीणा के दिशा निर्देशन एवं एडिशनल एसपी संजय महादेवा, सीएसपी अभिनव उपाध्याय के मार्गदर्शन में साइबर सेल प्रभारी उप निरीक्षक कमल किशोर पटेल एवं पूरी सायबर सेल टीम, जूटमिल पुलिस की आरोपियों की पतासाजी, गिरफ्तारी में महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

**गिरफ्तार आरोपी-**

(1) युसूफ हुसैन पिता सादिक हुसैन उम्र 25 साल निवासी चांदनी चौंक, बाबूपारा वार्ड नं0 08 रायगढ़ जिला रायगढ़ (छ.ग.)

(2) एजाज अंसारी उर्फ राजू पिता मो. मिंया छोटा उम्र 25 साल निवासी ग्राम हरैयाखुर्द दुअम्बा थाना नावाजयपुर जिला पलामू (झारखंड)

अब तक तीनों आरोपियों से जप्त हथियार - 3 पिस्टल, 5 राउंड, 3 मोबाइल।

अपराध क्रमांक 1742/2022 धारा 25 आर्म्स एक्ट

पूर्व में गिरफ्तार - आरोपी नरेश उर्फ नानू यादव पिता नान्हे लाल यादव उम्र 26 साल निवासी धांगरडीपा थाना कोतवाली रायगढ़

## महत्वपूर्ण एवं खास

### लोईंग में लर्निंग लायसेंस शिविर आज

**रायगढ़।** जिला परिवहन कार्यालय द्वारा जनसामान्य की सुविधा के लिए जिले के सभी ब्लाकों में लर्निंग लायसेंस शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में 23 दिसम्बर 2022 को ग्राम-लोईंग में लर्निंग लायसेंस जारी किए जाने हेतु एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया जाएगा। 23 दिसम्बर को जिला परिवहन कार्यालय, रायगढ़ में लर्निंग लायसेंस का कार्य नहीं होगा। आवेदक लर्निंग लायसेंस के लिए आवश्यक दस्तावेजों सहित किसी भी लोक सेवा केन्द्र/च्वाईस सेंटर से ऑनलाईन आवेदन कर सकते है या परिवहन विभाग की वेबसाईट www.parivahan.gov.in से स्वयं ऑनलाईन आवेदन कर सकते है।

### लोईंग में समाधान शिविर आज

**रायगढ़।** जिले में 'सरकार तुंहर द्वार' कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जिसके तहत वृहद समस्या समाधान शिविर एवं मेगा हेल्थ कैंप का आयोजन लोईंग विकासखंड, रायगढ़ में किया जाएगा। समाधान शिविर में राशन कार्ड, निराश्रित पेंशन, प्रधानमंत्री आवास, पंचायतों के विकास कार्य, दिव्यांग पत्र, पेंशन, आयुष्मान कार्ड, जाति, निवास, आय प्रमाण-पत्र सहित हर विभागों से जुड़े आवेदनों का निपटारा किया जाएगा। इसके साथ ही समाधान शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा मेगा स्वास्थ्य जांच कैंप लगाया जाएगा। जिनमें हृदयरोग, शिशुरोग, अस्थिरोग, चर्मरोग, न्यूरोलॉजिस्ट, नेत्ररोग, मूत्ररोग, नाक-कान-गला रोग, ऑडियोलॉजिस्ट, मानसिक स्वास्थ्य के विशेषज्ञ चिकित्सक उपस्थित रहेंगे। हेल्थ कैंप में मरीजों को नि:शुल्क दवाइयां वितरित की जाएगी।

### मतदान सामग्रियों के वितरण, वापसी एवं मतपत्रों को सील किए जाने हेतु एसडीएम शर्मा प्रभारी नियुक्त

**रायगढ़।** नगरीय निकाय उप निर्वाचन 2022 हेतु नगर पालिक निगम रायगढ़ के वार्ड क्रमांक-27 के लिए 9 जनवरी 2023 को मतदान एवं 12 जनवरी 2023 को मतगणना संपादित होगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, रायगढ़ ने समस्त मतदान सामग्रियों के वितरण एवं सामग्री की वापसी तथा सामग्रियों को सुरक्षित रखते हुए स्ट्रांग रूम तक पहुंचाने तथा मतगणना पश्चात गणना किये गये मतपत्रों को सील किए जाने हेतु अनुविभागीय अधिकारी (रा.)रायगढ़ गगन शर्मा को प्रभारी नियुक्त किया है। एसडीएम शर्मा मतदान तिथि सामग्री वितरण 8 जनवरी एवं वापसी 9 जनवरी 2023 के लिए अधिकारी-कर्मचारी का दल नियुक्त कर निर्वाचन कार्य संपादन कराना सुनिश्चित करेंगे।

### मेसर्स एमएसपी स्पंज आयरन लिमिटेड को कारण बताओ नोटिस जारी

**रायगढ़।** क्षेत्रीय अधिकारी छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, रायगढ़ ने जानकारी देते हुए बताया कि उद्योग मेसर्स एम.एस.पी.स्पंज ऑयरन लिमिटेड, ग्राम-मनुआपाली, पोस्ट-जामगांव, जिला-रायगढ़ का क्षेत्रीय कार्यालय छ.ग.पर्यावरण संरक्षण मंडल द्वारा 16 दिसम्बर 2022 को निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उद्योग परिसर में परिवेशीय वायु गुणवत्ता मापन कार्य किये जाने पर पार्टिकुलेट मेटर की मात्रा निर्धारित मानक सीमा से अधिक पाई गई। उद्योग परिसर में प्रदूषण की स्थिति अवलोकित किये जाने के कारण उक्त उद्योग को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

## मेसर्स पल्स गोल्ड रियल स्टेट की संपत्ति कुर्क : 27 दिसम्बर तक राशि जमा नहीं करने पर होगी नीलामी

**रायगढ़।** मेसर्स पल्स गोल्ड रियल स्टेट इंडिया लिमिटेड बिलासपुर निवासी पर 11 लाख 40 हजार 2 रुपये की वसूली हेतु कुर्क दिया गया है। न्यायालय नायब तहसीलदार खरसिया, रायगढ़ ने बताया कि यदि इसमें बिक्री के लिए निर्धारित तारीख के पहले शोध्य रकम की अदायगी नहीं कर दिया जाता है तो खाते/खातों का विक्रय स्थान तहसील खरसिया पर 27 दिसम्बर 2022 को पूर्वान्ह 11 बजे अथवा उस समय के लगभग उन पर आरोपित संपूर्ण भारों से एवं उनके संबंध में किए गए समस्त अनुदानों तथा संविदाओं से मुक्त रूप से नीलाम द्वारा कर दिया जाएगा।

जिसके तहत ग्राम-नौरंगपुर में कुल 2.364 क्षेत्रफल हेक्टयर भूमि है। जिनमें खाता अंक/खसरा नंबर 174 में 0.555 हेक्टेयर भूमि में परसा, फरहद, चार, तेन्दू, नीम, गस्ती, सेम्हर, बांस, महुआ, सेन्हा, बीजा, बैहरा, धनबहेर वृक्ष है, जिसकी कीमत 35066 रुपये है। इसी तरह खाता अंक/खसरा नंबर 176 में 0.332 हेक्टेयर भूमि में महुआ, चार, साजा व परसा वृक्ष है, जिसकी कीमत 55358 रुपये है। खाता अंक/खसरा नंबर 177 में 0.454 हेक्टेयर भूमि में नीम, चार, परसा एवं साजा वृक्ष है, जिसकी कीमत 8219 रुपये है। खाता अंक/खसरा नंबर 178 में 1.023 हेक्टेयर भूमि में बीजा, नीम, चार, परसा, साजा, धनबहेर, धवरा, कुमही, महुआ, रोहिना, बांस भीरा, केकट, मुढही, खीरसाली, धीरहा वृक्ष है, जिसकी कीमत 01 लाख 6 हजार 173 रुपये है। जिनकी वृक्ष सहित जमीन की कुल कीमत 28 लाख 2 हजार रुपये है।

## समर्थन मूल्य पर प्रदेश में अब तक 63.86 लाख मीट्रिक टन धान की हुई खरीदी

### 15.93 लाख किसानों ने बेचा धान, धान के एवज में 13,283 करोड़ का हुआ भुगतान

**❑ कस्टम मिलिंग के लिए 38.55 लाख मीट्रिक टन धान का हुआ उठाव**

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ में धान खरीदी महाभियान के तहत समर्थन मूल्य पर किसानों से अब तक 63.86 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी की गई है। जो राज्य सरकार द्वारा इस वर्ष 110 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी का लक्ष्य का 69 प्रतिशत है। धान खरीदी के एवज में राज्य के 15.93 लाख किसानों को 13,283 करोड़ रूपए का भुगतान बैंक लिंकिंग व्यवस्था के तहत किया गया है।

पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी धान खरीदी के साथ-साथ कस्टम मिलिंग के लिए निरंतर धान का उठाव जारी है। अब तक 47.95 लाख मीट्रिक टन से अधिक धान के उठाव के लिए डीओ जारी किया गया है, जिसके एवज में मिलर्स द्वारा 38 लाख 55 हजार मीट्रिक टन धान का उठाव किया जा चुका है।

खाद्य विभाग के सचिव टोपेश्वर वर्मा ने बताया कि इस साल राज्य में 25.92 लाख किसानों का पंजीयन हुआ है, जिसमें लगभग 2.26 लाख नये किसान शामिल हैं। राज्य में धान खरीदी के लिए 2600 उपार्जन केन्द्र बनाए गए हैं। सामान्य धान 2040 रूपए प्रति क्विंटल तथा ग्रेड-ए धान 2060 रूपए प्रति क्विंटल की दर से खरीदा जा रहा है। राज्य में धान खरीदी की व्यवस्था पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। सीमावर्ती राज्यों से धान के अवैध परिवहन को रोकने के लिए चेक पोस्ट पर माल वाहकों की चेकिंग की जा रही है।

अधिकारियों ने बताया कि आज 21 दिसम्बर को लगभग 58 हजार किसानों से 2 लाख मीट्रिक टन से अधिक धान की खरीदी की गई है, इसके अलावा ऑनलाइन प्राप्त टोकन के जरिए किसानों से लगभग 74 हजार टन धान की भी खरीदी हुई हैं। आगामी दिवस की धान खरीदी के लिए 71,290 टोकन तथा टोकन तुंहर हाथ एप के जरिये 15,137 टोकन ऑनलाइन जारी किए गए हैं।

## राइस मिलर्स धान उठाव में लाएं तेजी- सीईओ मिश्रा

**❑ जिले के पंजीकृत राईस मिलर्स की ली समीक्षा बैठक**



**रायगढ़।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अबिनाश मिश्रा ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में राइस मिलर्स की बैठक ली। बैठक में सीईओ मिश्रा ने सभी राइस मिलर्स को डीओ जारी होने के 7 दिनों के अंदर धान उठाव करने के निर्देश दिए। धान उठाव में देरी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने तमनार, घरघोड़ा एवं धरमजयगढ़ क्षेत्र के समितियों से भी धान उठाव का कार्य तेजी से पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने मिलर्स द्वारा एफसीआई में चावल जमा करने की समीक्षा की। उन्होंने फोर्टिफाइड उसना एवं अरवा चावल जमा नहीं करने वाले राइस मिलर्स को शीघ्र चावल जमा करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने सभी मिलर्स को नान में अरवा चावल के लाट जमा करने को कहा। इस दौरान गोदाम में होने वाली समस्या पर मिश्रा ने मिलर्स से चर्चा किए। मिलर्स द्वारा बताया गया कि एफसीआई में वाहनों के खाली होने में काफी समय लग जाता है जिसके कारण वाहन उपलब्ध नहीं हो पा रहे है। जिस पर सीईओ मिश्रा ने रोस्टर बनाने एवं स्थानीय मिलर्स को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लैलूंगा क्षेत्र के राइस मिलर्स द्वारा धान उठाव हेतु परिवहन के लिए पत्थलगांव के ट्रांसपोर्टरों के वाहन लगाए जाते हैं जो कि अन्य जिले के वाहन हैं। जिससे धान लक्षित मिलर तक पहुंच रहा है सुनिश्चित करने के लिए सभी राइस मिलर्स को वाहनों में अनिवार्य रूप से जीपीएस लगाने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर सहायक खाद्य अधिकारी चितरंजन सिंह, सहकारी बैंक सुनील सोढ़ी सहित जिले के राईस मिलर्स उपस्थित रहे।

## बरमकेला विकासखंड के दूरस्थ अंचल ग्राम पंचायत करनपाली में विकासखण्ड स्तरीय आयुष स्वास्थ्य मेला का हुआ आयोजन




**सारंगढ़-बिलाईगढ़।** छ.ग.शासन संचालनालय आयुष के आदेशानुसार एवं जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ.मीरा भगत एवं खण्ड चिकित्सा अधिकारी के मार्गदर्शन में विकासखण्ड स्तरीय आयुष स्वास्थ्य मेला बरमकेला विकासखंड के दूरस्थ अंचल ग्राम पंचायत करनपाली में आयोजन किया गया। इस शिविर में जिला पंचायत सदस्य श्रीमती विलास सारथी व कैलाश नायक, जनपद पंचायत अध्यक्ष तारा अरुण शर्मा, जनपद उपाध्यक्ष किशोर पटेल, सरपंच मोहर साय बरिहा, उपसरपंच फागुलाल यादव द्वारा भगवान धन्वंतरी के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर मेला का शुभारंभ किया गया। जिसमें वात, उदर, अर्श, प्रतिश्याय, श्वास, कास, मधुमेह, उच्च-रक्तचाप, चर्म, स्त्री, आंख, कान एवं गला संबंधी रोगों के 480 मरीज का नि:शुल्क उपचार करते हुए दवाओं का वितरित किया गया।

जनपद उपाध्यक्ष किशोर पटेल द्वारा उद्बोधन में सुदूर अंचलों में शिविरों के सहारे जनता को स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराने पर बल दिया गया कि आज के समय में हर व्यक्ति को अच्छे स्वास्थ्य के लिए अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने की जरूरत है। प्रथम सुख निरोगी काया आयुर्वेद जीवन शैली और योग को अपनाकर हम बेहतर स्वास्थ्य की परिकल्पना को साकार कर सकते हैं। डॉक्टर तिलक पटेल, डॉक्टर एस. कर, डॉ.टीकेलाल मिश्रा, डॉ.रामानंद चौधरी, डॉ.सुनील भोई दयाशंकर श्रीवास (आरएमए)फार्मासिस्ट भूषण प्रसाद पटेल, नरेन्द्र प्रधान, पुनी लाल आदित्य, जागेश्वर सिंह धुन, प्रेमशंकर सिदार, रतिराम सिदार, अक्षय निषाद, सीएचओ अंजली लकड़ा, मनोज यादव (लैब टेक्नीशियन), लीलावती पटेल (आरएचओ), सचिव नीलमणी पटेल एवं समस्त ग्रामवासियों जन प्रतिनिधियों का विशेष सहयोग रहा। जिसमें कुल 480 मरीजों का रोग निदान कर नि:शुल्क औषधि वितरण किया गया।

## नवीन व्यावसायिक दुकान की नीलामी अब होगी 30 दिसम्बर को

**❑ पूर्व में जारी तिथि में हुआ आंशिक संशोधन**

**सारंगढ़-बिलाईगढ़।** जनपद पंचायत बरमकेला, जिला-सारंगढ़-बिलाईगढ़ के स्वामित्व के नगर पंचायत बरमकेला के सारंगढ़ मार्ग पर, पुराने जनपद पंचायत कार्यालय भवन परिसर में नवीन व्यावसायिक दुकान क्रमांक 1 से 10 तक निर्माण किया गया है। जिसे जनपद पंचायत बरमकेला कार्यालय के माध्यम से लीज में आबंटित करने हेतु उच्चतम बोली के आधार पर पूर्व में 19 दिसम्बर 2022 को समय पूर्वान्ह 11 बजे से नीलाम किये जाने तथा अमानत राशि बैंक ड्राफ्ट के रूप में अथवा नगद जनपद पंचायत बरमकेला में 16 दिसम्बर तक का समय निर्धारित किया गया था। जिसमें अपरिहार्य कारणों से संशोधन करते हुए अमानत राशि बैंक ड्राफ्ट अथवा बैंकर्स चेक के माध्यम से नीलामी अब 30 दिसम्बर 2022 को समय पूर्वान्ह 11 बजे के पूर्व तक जमा कर नीलामी प्रक्रिया में भाग ले सकते है। नीलामी की अमानत राशि बोली लगाने हेतु सभी दुकानों के लिए 50 हजार रुपये निर्धारित किया गया है। शेष नियम व शर्ते यथावत रहेगी। इस संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी के लिए कार्यालय जनपद पंचायत बरमकेला, जिला-सारंगढ़-बिलाईगढ़ में संपर्क कर सकते है।

## छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड ने दिया देश - विदेश के पर्यटकों के लिए एक और सौगात

**❑ स्वदेश दर्शन योजना अंतर्गत सरगुजा अंचल को मिला करमा एथनिक रिसॉर्ट और जोहार हाईवे मोटेल**

**❑ पर्यटन मंत्री ताम्रध्वज साहू मैनपाट, कमलेश्वरपुर में 23 दिसंबर को करेंगे लोकार्पण**

**❑ मैनपाट में उच्चस्तरीय सुविधाओं के साथ नए वर्ष का स्वागत कर सकेंगे पर्यटक**

**रायपुर (आरएनएस)।** भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय ने विभिन्न थीमों पर आधारित पर्यटन विकास की स्वदेश दर्शन योजना वर्ष 2015-16 में प्रारंभ की थी, जिसके अंतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य में यहाँ की आदिवासी/जनजातीय एवं ग्रामीण संस्कृति से पर्यटकों को परिचित कराने के उद्देश्य से वर्ष 2016 में ''ट्रायबल टूरिज्म सर्किट'' की परियोजना स्वीकृत की गयी। इस परियोजना में प्रदेश के आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों के कुल 13 डेस्टीनेशन्स को विकसित किया गया है। इस परियोजना के ''ट्रायबल टूरिज्म सर्किट'' के अंतर्गत कमलेश्वरपुर (मैनपाट) में ''ईको एथनिक टूरिस्ट डेस्टीनेशन'' के रूप में ''करमा एथनिक रिसार्ट'' विकसित किया गया है। यह रिसार्ट सरगुजा क्षेत्र के ग्रामीण परिवेश की थीम पर 21 करोड़ 37 लाख रूपए की लागत से तैयार किया गया है। राज्य सरकार के द्वारा इस परियोजना के लिये कमलेश्वरपुर में 46 एकड़ भूमि उपलब्ध करायी गयी थी। शुक्रवार 23 दिसंबर को दोपहर 12 बजे छत्तीसगढ़ के पर्यटन मंत्री ताम्रध्वज साहू के मुख्य आतिथ्य एवं मंत्री टीएस सिंहदेव की अध्यक्षता में करमा एथनिक रिसार्ट एवं सोनतराई मोटेल, सीतापुर का लोकार्पण किया जाएगा।



करमा एथनिक रिसार्ट'' कमलेश्वरपुर (मैनपाट) में टूरिस्ट रिसेप्शन एवं सुविधा केंद्र, 20 कक्ष (क्राफ्ट एवं हर्बल हाट - आर्टिसन सेंटर), कैफेटेरिया, ओपन एम्फीथिएटर, सोवेनियर शाप, ट्रायबल इंटरप्रिटेशन सेंटर, ट्रायबल वर्कशाप सेंटर, 2 इलेक्ट्रिक व्हीकल (8 सीटर), इलेक्ट्रिक चार्जिंग स्टेशन, सायकल ट्रैक (प्रकाशीकरण सहित) समेत उच्च स्तरीय सुविधाएं स्थापित की गयी हैं जो पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र बनेंगी। 'सोनतराई मोटल, सीतापुर' में 05 कक्ष, डारमेटरी हाल, लान, कैफेटेरिया (डायनिंग हाल), स्टोर रूम, पार्किंग जैसी सुविधाओं का निर्माण किया गया है। इस योजना के परिचालन से मैनपाट में पर्यटकों की संख्या में वृद्धि होगी, पर्यटकों को रूकने के लिये अन्य आवास सुविधा के साथ ग्रामीण परिवेश में रूकने का अतिरिक्त विकल्प उपलब्ध होगा, स्थानीय लोगों को रोजगार एवं आय के अतिरिक्त स्रोत उपलब्ध होंगे, यहाँ स्थानीय लोगों एवं हस्तशिल्प कलाकारों के साथ पर्यटकों को हस्तशिल्प प्रशिक्षण दिया जा सकेगा, स्थानीय तिब्बतन संस्कृति से भी पर्यटक परिचित होंगे जिससे उनके द्वारा निर्मित प्रोडक्ट्स का विक्रय बढ़ेगा, स्थानीय हस्तशिल्प, वनउपज/हर्बल प्रोडक्ट का विक्रय के लिये सोवेनियर शाप्स में स्थान उपलब्ध होगा, व्यावसायिक दृष्टि से कांफ्रेंस सुविधा उपलब्ध हो सकेगी, मैनपाट में भविष्य में होमस्टे को बढ़ावा मिलेगा एवं अन्य पर्यटन गतिविधियों में भी बढ़ोतरी होगी।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480